# कौशल विकास में सहयोग देंगी दिग्गज कंपनियां

- आइबीएम, लेनोवो, सीमेंस और बजाज ने जारी किए इच्छा पत्र
- जेनरेशन इंडिया फाउंडेशन ने रोजगार केंद्रित प्रशिक्षण को किया करार

राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ: प्रदेश में कौशल विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए राजधानी में आयोजित यूपी सीएसआर राउंड टेबल 2025 आन स्किलिंग एंड इम्प्लायबिलिटी में देश की 30 से अधिक प्रमुख कंपनियों ने हिस्सा लिया। इसमें उद्योग और सरकार के बीच प्रभावी साझेदारी के जरिये युवाओं को उद्योग-उन्मुख प्रशिक्षण से जोड़ने पर चर्चा हुई। आइबीएम, लेनोवो, सीमेंस और बजाज (टाटा स्ट्राइव) ने कौशल विकास कार्यक्रमों को सहयोग देने के लिए लेटर आफ इंटेंट (एलओआइ) जारी किए, जबकि जेनरेशन इंडिया फाउंडेशन ने रोजगार-केंद्रित प्रशिक्षण के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए।



व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग के प्रमुख सचिव डा. हरिओम व मिशन निदेशक पुलकित खरे मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ वार्ता करते हुए ●सूचना विभाग

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर देने के लिए कौशल शिक्षा को आधुनिक और उद्योग-संलग्न बनाने पर तेजी से काम कर रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश के युवाओं में ऐसे कौशल विकसित किए जाएं, जिनकी बाजार में सीधी मांग हो। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव डा. हरि ओम ने कहा कि राज्य सरकार कौशल-आधारित मानव संसाधन तैयार करने के लिए बड़े पैमाने पर सुधार कर रही है। जिलों और ब्लाकों तक प्रशिक्षण ढांचे को मजबूत किया जा रहा है। स्मार्ट लैब्स और आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उद्योगों की जरूरतों के अनुसार नए पाठ्यक्रम विकसित किए जा रहे हैं। उद्योग जगत की बढ़ती भागीदारी से युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार अवसर मिलेंगे। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि सीएसआर सहयोग से कौशल प्रशिक्षण और सशक्त होगा। मिशन डिजिटल कौशल, ग्रीन स्किल्स, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, सर्विस सेक्टर आधारित नौकरियों और महिला-प्रधान आजीविका कार्यक्रमों पर खास फोकस कर रहा है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों की भूमिका अप्रेंटिसशिप को भी और मजबूत करेगी।

राउंड टेबल में एचसीएल, एक्सिस बैंक, ह्युंडई, टाटा ट्रस्ट्स, रिलायंस फाउंडेशन, शिव नादर फाउंडेशन सहित कई प्रमुख संस्थानों ने हिस्सा लिया।